# शासकीय योजनाओं का स्टॉल 23 दिसम्बर को निगम भिलाई में

**भिलाईनगर।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (डीए.आर.पी.जी.) द्वारा सुशासन सप्ताह–प्रशासन गांव/शहर की ओर अभियान के उपलक्ष्य में दिनांक 19 से 25 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उददेश्य केन्द्र और राज्य सरकार के विभागों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग से सुशासन को बढ़ावा देना है। जिसके तारतम्य में जन समस्या के समाधान और बेहतर सेवा वितरण के लिए विशेष शिविर का आयोजन दिनांक 23.12.2025 को स्थान मुख्य कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई में प्रातः 10:00 बजे से संपन्न होगा। शिविर में केन्द्र शासन एवं राज्य शासन से संबंधित हितग्राही मूलक योजनाओं का टेबलवार स्टॉल सुविधा हितग्राहियों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर के सफल क्रियान्वयन के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी की डयूटी आदेश जारी किये है। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, नामांतरण लीज होल्ड, फ्री होल्ड, हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय पेंशन योजना, राशन कार्ड एवं उज्जवला योजना, संपत्तिकर एवं अनुज्ञप्ति लाईसेंस, एम.एम.यू., जैसे सरकारी सुविधाओं का लाभ हितग्राहियों को उपलब्ध कराया जाएगा। हितग्राही निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर अपनी जरूरत अनुसार योजना से संबंधित जानकारी लेकर अपना काम करा सकते है।